कार्यालय – प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण कक्ष) मध्यप्रदेश

सतपुड़ा भवन "ग" विगं, भू–तल,भोपाल

क्रमॉक/सरक्षण/कक्ष– / 1272 /भोपाल दिनांक 25-4-05

प्रति,

समस्त वन संरक्षक (क्षेत्रीय)

मध्यप्रदेश ।

विषय :– आरा मशीनों पर नियंत्रण ।

संदर्भ :– इस कार्यालय का पत्र क्रमॉक 23 दिनांक 12/1/04

कृपया संदर्भांकित पत्र का अवलोकन करें जिसके माध्यम से आप लोगों को सूचित किया गया था कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार आरा मशीनों की कड़ी चेकिंग की जाय । रोस्टर की एक प्रति इस कार्यालय को भी भिजवाने के निर्देश दिये गये थे। किन्तु अधिकतर वृत्तों से रोस्टर इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है । कृपया शीघ्रतिशीघ्र रोस्टर तैयार कर इस कार्यालय को भिजवायें । बड़े शहरों जैसे जबलपुर, भोपाल, इन्दौर , ग्वालियर आदि में आरा मशीनों के नियत्रण की विशेष व्यवस्था की जाय एव इनके मासिक लेखों की बारीकी से जॉच की जाय ताकि उन्हें अपराधिक गतिविधियों में शामिल होने से रोका जा सके ।

ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं कि सीमान्त जिले जैसे पन्ना, टीकमगढ़, बैतूल, बुरहानपुर, नीमच आदि से चोरी की काष्ठ राज्य के बाहर की आरा मशीनो पर भेजी जाती है । ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों के वन संरक्षक पडोसी राज्य के अधिकारियों से समन्वय बनाकर राज्य की सीमा के पास स्थित शहरों जैसे झॉसी, बॉदा आदि में स्थित आरा मशीनों की विशेष चेकिंग करावें एव वन संपदा की चोरी पर अंकुश लगायें ।

कृपया इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें ।

(डॉ0 एच एस पाबला)

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण)

मध्यप्रदेश

3580

28/4/05

S?A1